तीन मूर्ख

(कहानी)

14

एक बार बादशाह अकबर ने बीरबल को आदेश दिया कि राज्य से तीन महामूर्ख ढूँढकर लाओ। राजा की आज्ञा मानकर बीरबल चले गए। वे कुछ दूर ही गए थे। कि एक घुड़सवार मिला। वह घोड़े पर बैठा चला आ रहा था। उसके सिर पर लकड़ियों का गट्ठर था। बीरबल ने पूछा– "अरे! यह गट्ठर सिर पर क्यों रखा है? घोड़े पर क्यों नहीं रखते?" वह आदमी बड़ी ही मासूमियत से बोला– "घोड़ा बहुत कमजोर है, दीवान जी। मेरा ही वजन यह नहीं सँभाल पा रहा है। अगर गट्ठर का वजन भी इसी पर रख दूँगा, तो यह बेचारा मर ही जाएगा।"

बीरबल नए घोड़े का लालच देकर उस मूर्ख को अपने साथ ले आए।

रात होने पर उन्होंने देखा कि एक आदमी दीवार पर लगी लालटेन की रोशनी में कुछ ढूँढ रहा है। बीरबल ने उस आदमी से पूछा– "क्या ढूँढ रहे हो?"

वह बोला– "मेरा एक सिक्का खो गया है।" "सिक्का कहाँ खोया था?", बीरबल ने पूछा। "वहाँ उस वृक्ष के नीचे", आदमी ने इशारा करते हुए कहा।

बीरबल ने आश्चर्य से पूछा, "तो वहाँ क्यों नहीं ढूँढते?"

"अरे दीवान जी, वहाँ अँधेरा है इसलिए यहाँ लालटेन के उजाले में सिक्का ढूँढ रहा हूँ।" आदमी सहज स्वर से बोला।

बीरबल समझ गए कि यह तो मूर्खों का भी मूर्ख है। वे उसे ज्यादा सिक्के देने का लालच देकर अपने साथ ले आए। फिर बीरबल उन दोनों को लेकर उसी समय बादशाह अकबर के पास पहुँचे और उनके कारनामे बताए। बादशाह बोले– "ये तो सिर्फ दो ही हैं, लेकिन हमने तो तीन मूर्ख लाने को कहा था"

"जहाँपनाह! बाकी एक मूर्ख भी यहीं है", बीरबल ने कहा। बादशाह चौंककर इधर-उधर देखने लगे, पर उन्हें कोई नहीं दिखा। वे बोले, "अरे बीरबल! तीसरा मूर्ख कहाँ है?"

बीरबल ने झुककर कहा, "गुस्ताखी माफ हो जहाँपनाह! तीसरा मूर्ख मैं हूँ, जो ऐसा फालतू काम कर रहा हूँ।"

बीरबल की बात सुनकर बादशाह अकबर खिलखिलाकर हँस पड़े। फिर उन्होंने दोनों मूर्खों को इनाम देकर भेज दिया और बीरबल की हाजिरजवाबी देखकर उन्हें भी उपहार दिया।

शब्द-अर्थ

हाजिरजवाबी — किसी बात का तुरंत उचित उत्तर देना *(wit)*, मासूमियत — भोलापन *(innocence)*, आश्चर्य — हैरानी *(much surprise)*, महामूर्ख — बहुत बड़ा बुद्धिहीन *(super geek)*, घुड़सवार — घोड़े पर सवार आदमी *(rider)*, जहाँपनाह — बादशाह *(emperor)*, गुस्ताखी — गलती *(fowardness)*,।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए—

महामूर्ख	ढूँढकर	गट्ठर	कारनामे
जहाँपनाह	गुस्ताखी	सँभाल	एहसास

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—

(क) बादशाह अकबर ने बीरबल को राज्य से कितने महामूर्ख लाने के लिए कहा था?

(ख) पहले मूर्ख के सिर पर क्या रखा था?

(ग) सिक्का कहाँ खो गया था?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—

(क) घोड़ा कैसा था?

☐ फुर्तीला ☐ कमजोर ☐ तगड़ा

(ख) बीरबल ने घुड़सवार को क्या देने का लालच दिया?

☐ नए घोड़े ☐ नए वस्त्र ☐ स्वर्ण मुद्रा

(ग) आदमी का क्या खो गया था?

☐ घोड़ा ☐ सिक्का ☐ हीरा

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) घुड़सवार ने गट्ठर सिर पर क्यों रखा था?

(ख) आदमी पेड़ के नीचे सिक्का क्यों नहीं ढूँढ रहा था?

(ग) कहानी का कोई अन्य शीर्षक बताइए।

भाषा-ज्ञान

1. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए–

(क) बीरबल आदेश सुनकर चले ......गए...... । (गई/गए)

(ख) यह बेचारा तो मर ही .... । (जाएगी/जाएगा)

(ग) आदमी ने इशारा करते हुए .... । (कहा/कही)

(घ) दोनों मूर्खों को इनाम देकर भेज .... । (दिया/दी)

2. वाक्यों में रंगीन शब्द किसके लिए आए हैं, लिखिए–

(क) बीरबल आदेश सुनकर चले गए। वे कुछ ही दूर पहुँचे। ......बीरबल के लिए......

(ख) आदमी बोला यह मेरा ही वजन नहीं सँभाल पा रहा। ....

(ग) घोड़ा कमजोर है, अधिक वजन रखने से यह मर ही जाएगा। ....

(घ) बादशाह इधर-उधर देखने लगे। उन्हें कोई दिखाई नहीं दिया। ....

रंगीन शब्द नाम की जगह आए हैं। नाम की जगह आने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

3. पढ़िए, समझिए और लिखिए–

(क) ट्ठ – गट्ठर – ......चिट्ठी......

(ख) क्क – सिक्का – ....

(ग) च्च – सच्चा – ....

(घ) स्त – रास्ता – ....

4. इन शब्दों में ं, ँ या ॅ लगाकर लिखिए–

(क) हस – ......हंस......

(ख) ढूढना – ....

(ग) काफी – ....

(घ) हसना – ....

(ङ) जगल – ....

(च) बाल – ....

अंग्रेजी के शब्दों को हिंदी में लिखते समय (ॅ) की मात्रा का प्रयोग किया जाता है।

क्रियात्मक गतिविधि

- अकबर-बीरबल के और कुछ किस्से पढ़िए।